# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 06.09.2023**

**थाना कैराना**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार अपर्हता/पीडिता को किया बरामदः-**

आज दिनांक 05.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों , लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधि0 से संबंधित अपहर्ता/पीडिता की बरामदगी के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार अपहर्ता/पीडिता को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उक्त के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 31.7.2023 को कैराना क्षेत्रान्तर्गत वादी मुकदमा द्वारा अपनी बेटी के अपहरण के संबंध में थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री नीरज कुमार द्वारा प्रारम्भ की गयी थी। पीडिता/अपहर्ता को दिनाँक 30.8.2023 को बरामद कर लिया गया था लेकिन पीडिता/अपहर्ता , म0का0 शिवानी चौधरी की अभिरक्षा से दिनांक 03.09.2023 को फरार हो गयी थी। उच्चाधिकारी द्वारा पीडिता की बरामदगी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

आज दिनाँक 05.09.2023 को निरीक्षण अपराध श्री नेत्रपाल सिंह मय हमराहीगणो के समय करीब 20.10 बजे कैराना बाईपास पुल खुरगान रोड थाना कैराना जिला शामली से पीडिता को सकुशल बरामद किया गया है। पीडिता द्वारा बताया गया कि मैं दिनाँक 30.8.2023 से वन स्टाप सैन्टर बनत शामली में थी वहाँ पर मैं सादा खाना खाकर ऊब गयी थी मेरा बिरयानी खाने का मन कर रहा था तथा कोर्ट बन्द होने के कारण मेरे बयान नही हो पा रहे थे और मैं यहाँ घबराहट महसूस कर रही थी मुझे पता था कि अभी और कई दिन मेरे बयान नही होंगे और मुझ यहीं रहना पडेगा। मैं म0का0 शिवानी चौधरी से बाथरुम करने को कहा तो शिवानी मुझे बाथरुम कराने बाहर की तरफ ले आयी थी औऱ मैं शिवानी को चकमा देकर चुपके से दीवार के सहारे से निकल कर पहले शामली बस अडडा पहुंची थी वहां से अपने मामू के यहाँ लोनी चली गयी थी। आज मैं वहाँ से वापस आ रही थी और सवारी के इंतजार मे खुरगान रोड पर बाईपास पुल के नीचे खडी थी तभी महिला पुलिस ने मुझे पहचान लिया ।

**बरामद करने वाली पुलिस टीमः-**

1.निरीक्षक श्री नेत्रपाल सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

2.उ0नि0 सुरेशवीर सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

3.म0उ0नि0 शिल्पी थाना कैराना जनपद शामली।

4.है0का0 मोहित कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

5.का0 विकास कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

6.म0का0 ज्योति थाना कैराना जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**

**<u>थाना कोतवाली शामली</u>**

**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 03 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से पानीपत(हरियाणा) से चोरी 01 मोटरसाईकिल बरामदः-</u>**

आज दिनांक 05.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को चोरी की 01 मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तगण द्वारा मोटरसाईकिल को पानीपत हरियाणा से चोरी किया गया है ।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>**

1.महताब पुत्र महबूब निवासी ग्राम बिडोली सादात थाना झिंझाना जनपद शामली ।

2.आसिफ पुत्र सजावत निवासी ग्राम कबीरपुर उर्फ ख्वाजपुरा थाना झिंझाना जनपद शामली ।

3.अनस पुत्र युसुफ निवासी ग्राम कबीरपुर उर्फ ख्वाजपुरा थाना झिंझाना जनपद शामली ।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण उपरोक्त</u>**ः-

मु0अ0स0 440/23 धारा 414 भादवि थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

मोटरसाईकिल हीरो होण्डा स्पलेन्डर प्लस रंग काला HR-05AP-9814 ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री उ0नि0 राकेश कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

2.है0का0 सोहित थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

3.का0 राजीव शर्मा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**



## <u>थाना झिंझाना</u>

**<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार मय कारतूस बरामद।</u>**

आज दिनांक 06.09.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त:-</u>**

सावेज पुत्र जाकिर निवासी ग्राम अब्दालनगर थाना झिंझाना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

एक अवैध तमन्चा .315 बोर व एक अदद कारतूस .315 बोर

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त:-</u>**

मु0अ0सं0 356/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना झिंझाना जनपद शामली।

अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों से जानकारी की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री सुरेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली

2.कां0 अजीत कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली

3.कां0 विपिन कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**



## थाना झिंझाना

**जनपद शामली की साइबर सेल  एवं थाना झिंझाना पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र की त्वरित कार्यवाही के चलते UPI के माध्यम से धोखाधडी कर ठगी गई 50,00/- रूपये की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराई गईः-**

दिनांक 01.09.2023 को आवेदक अनमोल मित्तल पुत्र धर्मेन्द्र मित्तल नि वासी कस्बा झिंझाना थाना झिंझाना जनपद शामली के खाते से 5 हजार रुपये अज्ञात व्यक्ति के खाते में UPI के माध्यम से ट्रांसफर कर लेने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना साइबर सेवा केन्द्र पर शिकायती प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना एवं साइबर सेल शामली द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए फ्राड व्यक्ति के बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराते हुए पीडित की ठगी गई सम्पूर्ण **धनराशि 50,00/- रूपये उनके खाते में वापस कराई गई।** श्री अनमोल मित्तल निवासी उपरोक्त द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना एवं साइबर सेल शामली का आभार व्यक्त किया है।

**साईबर सैल टीम शामली**

1.साईबर सैल प्रभारी श्री संजीव भटनागर जनपद शामली।

2.कम्प्यूटर आपरेटर विकास साईबर सैल जनपद शामली।

3.का0 अर्चित साईबर सैल जनपद शामली।

4.का0 अनुज साईबर सैल जनपद शामली।

**थाना झिंझाना साईबर टीम**

1.प्रभारी श्री वीरेन्द्र कसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.कम्प्यूटर आपरेटर यशवेन्द्र राजपूत थाना झिंझाना जनपद शामली।

3. कम्प्यूटर आपरेटर विवेक कुमार राठी थाना झिंझाना जनपद शामली।

**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**

<u>**थाना बाबरी**</u>

<u>**थाना बाबरी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 40 पव्वे देशी शराब बरामदः-**</u>

दिनांक 06.09.2023 थाना बाबरी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त मोनू पुत्र स्व0 अनिल निवासी ग्राम भाज्जु थाना बाबरी जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है जिसके कब्जे से अवैध 40 पव्वे देशी शराब बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध थाना बाबरी पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

